## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण सभा सूर्य नगर की कार्यकारिणी गठित

**हिसार।** चुनाव अधिकारी हरगोविंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ब्राह्मण सभा सूर्यनगर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में महाबीर शांडिल्य, डॉ. रामकुमार शर्मा व सुरेश भारद्वाज को मुख्य संरक्षक व रविदत्त शर्मा को सभा का प्रधान चुना गया। रामकला शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, ऋषि कौशिक को उपप्रधान, सुरेश शर्मा शास्त्री को महासचिव, पवन शर्मा व राजेश शर्मा को सचिव, जयदेव शर्मा को सह सचिव, नरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष, महाबीर शर्मा को ऑडिटर व राकेश गौड़ को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

### आरोग्य की मोहक शत्रु चाय : डॉ. गोपाल शास्त्री

**हिसार।** चाय का प्रचलन आज सभ्यता के साथ ही साथ बढ़ता जा रहा है जबकि चाय स्वास्थ्य की मोहक शत्रु है। इसमें मांस से 8 गुना अधिक एसिड होता है जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत घातक है, विशेष रूप से जोड़ों के दर्द, घुटना दर्द, गुर्दे के रोग, आंखों की ज्योति, मानसिक रोग एवं पाचन संस्थान के रोगों में बहुत ही नुकसानदायक है। मेहमान को चाय पिलाने से पहले पूछ लो कि जहर दें।

### हमारा प्यार हिसार ने चलाया पेंटिंग अभियान

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार की टीम ने रविवार को एक बार फिर पुरानी सब्जी मंडी फ्लाई ओवर के नीचे पेंटिंग अभियान को आगे बढ़ाया। फ्लाई ओवर के नीचे पिलरों पर से पोस्टर्स उतारे और उन पर बहुरंगी डिजाइन बना कर सुंदर रूप दिया। इस कार्य के लिए संस्था को जेएसडब्ल्यू पैंट्स के सौजन्य से पैंट्स उपलब्ध करवाए गए।

### खिलाड़ी नकुल का नेशनल कबड्डी में शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** हाल ही में तेलंगाना में एसजीएफआई अंडर-17 नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में एलआरएम कबड्डी नर्सरी जाट कालेज हिसार के कबड्डी खिलाड़ी नकुल पुत्र कृष्ण काजला ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को प्रथम स्थान प्राप्त करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने पहला स्थाल हासिल करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।

### जगदीश बने गुरु जंभेश्वर शिक्षा समिति के प्रधान

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर शिक्षा समिति, हिसार की आम सभा की बैठक जवार नगर स्थित गुरू जंभेश्वर स्कूल में हुई। कार्यकारिणी के गठन का अधिकार बिश्नोई महासभा के संरक्षक कुलदीप बिश्नोई को दिया। कुलदीप बिश्नोई ने समाज के गणमान्य, प्रतिष्ठित , शिक्षाविदों से राय करने के उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें जगदीश चंद्र कड़वासरा को दोबारा प्रधान, कुलदीप देहडू को दोबारा महासचिव एवं अनिल पूनिया को तीसरी बार कोषाध्यक्ष, आत्माराम जाजूदा व अमरसिंह मांझू को उपप्रधान, बद्रीप्रसाद धायल को संयुक्त सचिव नियुक्त किया। इसके अलावा रायसाहब डेलू, सुरेश ज्यानी, नवीन कुमार पूनिया, डा. बसकौर कड़वासरा तथा प्रोमिला भांभू को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

# नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के चलते पुलिस ने गांवों में करवाई खेल प्रतियोगिताएं

व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं चरित्र का दर्पण भी होता है खेल एसपी अहमद

## पुस्तकों से हमें ज्ञान प्राप्त होता है तो खेलों से शरीर होता हष्ट और पुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के तहत हांसी पुलिस ने उपमंडल के विभिन्न गांव में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास संभव है और शरीर को स्वस्थ तथा हष्ट-पुष्ट रखने के लिए खेल तथा व्यायाम बहुत आवश्यक है। पुस्तकों से हमें ज्ञान प्राप्त होता है और खेलने से हमारा शरीर मजबूत होता है। जीवन में जितना आवश्यक शिक्षा है उतना ही आवश्यक खेलकूद भी है। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि जहां जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है, वहीं खेल व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं चरित्र का दर्पण भी होता है खेल हमारे जीवन को अनुशासन, संगठन, पारस्परिक सहयोग, आज्ञाकारिता, साहस, विश्वास और औचित्य की शिक्षा प्रदान कराते हैं। पुलिस अधीक्षक कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर रखकर खेलों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में 3062 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीया व तृतीया स्थान हासिल किया।


हांसी। खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि



### शरीर, मस्तिष्क व आत्मा को लाभ पहुंचाता है खेल

खेलों के नोडल अधिकारी अर्जुन अवार्डी उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद रविन्द्र सांगवान ने कहा कि खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करता है। यह खिलाड़ियों के लिए अच्छा भविष्य और पेशेवर जीवन का क्षेत्र प्रदान करता है। यह खिलाड़ियों को उनके आवश्यक नाम, प्रसिद्धि और धन देने की क्षमता रखता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि व्यक्तिगत लाभ के साथ ही पेशेवर लाभ के लिए भी खेल सकते हैं। दोनों ही तरीकों से, यह हमारे शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को लाभ पहुंचाता है।

### राजकीय महाविद्यालय हांसी में विजेता

- 100 मीटर लड़कियो की दौड़ में बबीता, आरती व निशा
- 100 मीटर लड़कों की दौड़ में तेजवीर, अमन व शुभम
- 200 मीटर दौड़ में अमन, तेजवीर व हर्ष
- 1600 मीटर दौड़ में राधे, संजीव व कार्तिक क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### शहीद स्टेडियम हांसी के विजेता

- 200 मीटर दौड़ में पारस, अंकित व जयकुमार जयकुमार
- 400 मीटर दौड़ में सन्नी, शिवा व विष्णु
- 800 मीटर दौड़ में प्रदीप, अभि व शिवा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### सुलचानी गांव में इन्होंने मारी बाजी

- 100 मीटर दौड़ में अंकित प्रथम, प्रवीन द्वितीय तथा अनिल तृतीय
- 200 मीटर दौड़ में अंकित, प्रवीन सुखबीर
- 400 मीटर दौड़ में सुमित, सुन्दर व विरेन्द्र क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।
- फुटबाल मैच में खेड़ा सुलचानी प्रथम व सुलचानी द्वितीय, वालीवॉल में सुलचानी प्रथम तथा खेडा सुलचानी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### घिराये गांव इन्होंने पाया स्थान

- 100 मीटर दौड़ में पवित्र, अभिनव, रविन्द्र
- 200 मीटर दौड़ में पवित्र, जतिन, अंकित
- 400 मीटर दौड़ में अभिनव, आवेश व पुष्पेन्द्र क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### मदनहेड़ी गांव में ये रहे अव्वल

- 100 मीटर दौड़ में नुकुल, इशु, आर्यन
- 800 मीटर लड़कों की दौड़ में मोहित, नितिन व चिंटू
- 200 मीटर लड़कियों की दौड़ में राखी, तमन्ना व मंजू

400 मीटर लड़कियों की दौड़ में प्रिया, प्रियांशू व नीलम क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।

### पुलिस के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का विवरण

- गांव उमरा 400 मीटर दौड़ में इशांत प्रथम, नमन द्वितीय तथा अंकुश ने तृतीय,
- 800 मीटर दौड़ में यश प्रथम, अमन द्वितीय तथा नैतिक तृतीय स्थान पर रहा।
- 1600 मीटर लड़कियों की दौड़ में दीक्षा प्रथम, विशाखा द्वितीय तथा निशु तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 100 मी बुर्जुग दौड़ में चीनी मलिक प्रथम, जगदीश द्वितीय, तथा बंशी तृतीय स्थान पर रहा

#### डाटा गांव

- फुटबाल मैच में डाटा गांव की शालाडेरी डाटा टीम प्रथम
- नेशनल कबड्डी मैच में शालाडेरी टीम डाटा की प्रथम रही

#### खाण्डा खेड़ी गांव

- 100 मीटर दौड़ में नितिन प्रथम दिपांशु द्वितीय तथा अंकित तृतीय स्थान पर रहा।
- 200 मीटर दौड़ में ध्रुव प्रथम, क्रिस द्वितीय तथा मंजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 400 मीटर दौड़ में साहिल प्रथम, रोहित द्वितीय तथा बजरंग तृतीय स्थान पर रहे।
- 100 मीटर लड़कियों की दौड़ में निकिता प्रथम, मोनिका ने द्वितीय स्थान पर रही।
- 200 मीटर लड़कियों की दौड़ में सुहाना प्रथम, दिपिका द्वितीय तथा शीतल ने तृतीय
- 400 मीटर लड़कियों की दौड़ में मोनिका प्रथम, अश्विनी द्वितीय तथा पिंकी तृतीय स्थान पर रही।
- कबड्डी मैच में खाण्डा खेड़ी रोलवा पाना खाण्डा की टीम विजेता रही।

#### सिसाय कालीरावण

- 100 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम, जतिन द्वितीय तथा लक्ष्य तृतीय
- 200 मीटर दौड़ में अमित प्रथम, हर्ष द्वितीय तथा हरीश तृतीय
- 400 मीटर दौड़ में सौरभ प्रथम, साहिल द्वितीय तथा नवीन तृतीय स्थान पर रहा।
- कबड्डी मैच में सिसाय कालीरावण प्रथम तथा सिसाय बोलान की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

#### बांडाहेड़ी

- 100 मीटर दौड़ में जयन्त प्रथम, अखिल द्वितीय तथा प्रतीक तृतीय
- 200 मीटर दौड़ में प्रिंस प्रथम, रोहित द्वितीय तथा हर्षित तृतीय स्थान पर रहा।
- फुलबाल मैच में बाण्डा हेड़ी प्रथम, मुंढाल द्वितीय तथा राजथल तृतीय स्थान पर रही।
- 400 मीटर लड़कियों की दौड़ में कीर्ति प्रथम
- 400 मीटर लड़कों की दौड़ में रोहित प्रथम, अर्पित द्वितीय तथा नवीन तृतीय स्थान पर रहा।

# साधकों को संजीवनी ध्यान करवाया

- संजीवनी ध्यान आत्मा के संग संयोजन का सफल पथ : साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में ओशोधारा मैत्री संघ कौशिक नगर स्थित साधना केन्द्र में संडे ध्यान में आचार्या मां साक्षी ने संजीवनी ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है जीवन का समर्थन या जीवन की ऊर्जा का संग्रह और यह एक प्रमुख ध्यान पद्धति है, जो साधकों को मानसिक शांति, आत्मा का समर्थन, और आध्यात्मिक उन्नति की की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इस ध्यान पद्धति का उद्दीपन मुख्य रूप से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से हुआ है और यह ध्यान साधने वाले को शांति, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति का उत्कृष्ट अनुभव करने का उद्देश्य रखता है। यह ध्यान विभिन्न आसन, प्राणायाम, मुद्राएं और मन को नियंत्रित करने के तकनीकों का समाहित मिश्रण है। इसके माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करता है और आत्मा के साथ संयोजन प्राप्त करता है। इस ध्यान पद्धति में मुद्राएं भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुद्राएं हाथ, आंख, और शरीर के विशिष्ट स्थानों की विशेष आसनों को कहा जाता है, जो मानव शरीर की ऊर्जा को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। संजीवनी ध्यान का प्रशिक्षण ध्यान गुरुओं द्वारा दिया जाता है जो अपने शिष्यों को ध्यान की शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।


हिसार। साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में उपस्थित साधक।

## कुंडू को धरने पर बुलाकर स्थायी रोड की मांग से अवगत करवाया

**हिसार।** तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के धरने को 358 दिन हो गए हैं। पिछले 11 महीने से भी अधिक समय से ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं और स्थायी रोड की अपनी मांग पर डटे हुए हैं। रविवार को धरने के पास से गुजर रही पर्वतारोही एवं मुख्यमंत्री की ओएसडी अनीता कुंडू को समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली व ग्रामीणों ने अपने धरने पर बुलाया और तलवंडी राणा रोड बंद हो जाने से भारी परेशानियों से अवगत करवाया। एडवोकेट ओपी कोहली ने कहा कि सरकार ने ग्रामीणों के लिए 2.2 कि.मी. का रोड तो दे दिया है लेकिन बाकी लगभग 3 कि.मी. का मार्ग देना बाकी है।

# त्रिलोकचंद स्कूल के दो छात्र सम्मानित

- वित्त मंत्री निर्मला ने छात्रों को चंद्रयान का मॉडल प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के दो बच्चों को सम्मानित किया और साइंस एवं प्रौद्योगिकी में रूझान बढ़ाने के लिए इन विद्यार्थियों को चंद्रयान का भव्य मॉडल प्रदान किया। स्कूल की तरफ से यह मॉडल तनिष्क और साक्षी ने ग्रहण किया।

स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सरिता शर्मा इन विद्यार्थियों को लेकर दिल्ली पहुंचीं और यह सम्मान ग्रहण कर उत्साहित अनुभव किया। हिंदू कॉलेज दिल्ली की 125वीं वर्षगांठ पर निर्मला सीतारमण एक विशेष कार्यक्रम में हिंदू कॉलेज पधारी थीं और इस समारोह में एनसीआर व हरियाणा के कुल पांच स्कूलों का चयन किया गया था जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल भी शामिल है। वित्त मंत्री से चंद्रयान का मॉडल ग्रहण कर तनिष्क और साक्षी ने अपने आनंद और उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा कि वे निश्चित ही उच्चतर शिक्षा साइंस और टेक्नोलॉजी में ग्रहण कर चंद्रयान के मिशन में योगदान देना चाहेंगे।



हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन।



## ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ओग्रेनाईजेशन (जल कर्मी) हरियाणा, सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारियों ने जिला प्रधान कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में रविवार को अपनी मांगों का मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम विधायक विनोद भ्याणा की अनुपस्थिति में उनके पुत्र साहिल भ्याणा को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने ईपीएफ, ईएसआई, ईएक्स-ग्रेसिया इत्यादि की अनुपालना करवाने, सभी जल कर्मियों को नियमित करने व न्यूनतम 18000 रूपए मासिक वेतन देने सहित रेनकोट, वर्दी, धुलाई भत्ता व सेफ्टी किट दिए जाने की मांग की गई है। जल कर्मियों ने मुख्यमंत्री से हर महीने 7 तारिख तक वेतन दिए जाने व जल कर्मियों को भी सभी प्रकार के अवकाश देने का प्रावधान किया जाए। सेवानिवृति पर ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के प्रावधानों अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाए। जिन पंचायतों को नगर परिषद, नगर पालिका अथवा नगर निगम में सम्मिलित कर लिया है उन जल कर्मियों को उन्हीं निकायों में समायोजित किया जाए। जल कर्मियों के सेवा संबधित मामलों में सरपंच द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप को समाप्त किया जाए।

# अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे लाला लाजपत राय

- लुवास में मनाई गई लाला लाजपत राय की 158वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लाला लाजपत राय की158 वीं जयंती के अवसर पर लुवास कुलपति कार्यालय के प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने लाला लाजपत राय को माल्यार्पण किया। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों ने लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने लाला द्वारा किए गए कुछ विशेष कार्यों को याद किया और कहा कि लाला लाजपत राय देश के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय का नाम लाला लाजपत राय जी के नाम पर रखा गया है। आज लाला लाजपत राय की 158वीं जयंती पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध एवं विभिन्न तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए और अधिक प्रयास करें जिससे किसानों की पशुपालन की लागत में कमी हो सके तथा हम उनकी आय में वृद्धि कर सकें। इस कार्यक्रम में डॉ. नरेश जिंदल, अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार, कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. वीएस पंवार, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, आईवीपीएस निदेशक डॉ. एसपी दहिया, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


हिसार। लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

## लाला लाजपत राय के बलिदान की बदौलत मिली आजादी : संजय

**हिसार।** राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत और आध्यात्मिक चिंतन के गौरव पुरुष लाला लाजपत राय का नाम भारतीय इतिहास में एक अनुपम धरोहर के रूप में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने राष्ट्रहित में जो महान कार्य किया, वह देश की स्वतंत्रता के इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा। यह बात हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष सजंय डालमिया ने लाल लाजपत राय जी की जयंती पर नागोरी गेट पर स्थित पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर मालार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वे एक साथ राष्ट्रवादी राजनेता, एक प्रखर समाज-सुधारक, सामाजिक एकता के एक अग्रणी योद्धा और भारतीय संस्कृति के सबल संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठित नजर आते हैं। संजय डालमिया ने कहा लाला लाजपत राय ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हे शेर-ए-पंजाब कहा जाता है।

## उत्तम नगर गुरुद्वारे में धूमधाम से मनाया गया प्रकाश उत्सव

**हिसार।** गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव नवां गुरुद्वारा बाबा बंदा बहादर रामदास सर, उत्तम नगर में धूमधाम से मनाया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने गुरु घर में पहुंचकर माथा टेका। उत्सव की शुरूआत 26 जनवरी को श्रीअखण्ड पाठ से की गई। गुरुद्वारे के सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन सायंकाल व आज प्रातः कीर्तन किया गया। इससे पूर्व श्रीअखंड पाठ का भोग डाला गया। रागी जत्था भाई इन्द्रजीत सिंह सिरसा वाले व मंगल मंगी (यमला जट्ट) हजरावां वाले ने गुरवाणी के साथ कीर्तन करके समां बांध दिया। कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह महाराज के जीवन में उनकी कुर्बानियों पर प्रकाश डाला गया अरदास के बाद कार्यक्रम की समाप्ति पर लंगर चलाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

निकाय मंत्री ने कॉलोनीवासियों के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

# मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश : गुप्ता

- लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत अब विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र की और अग्रसर है। दुनिया के अग्रणी देशों में अब हमारी गिनती होती है। यह सब प्रधानमंत्री के दृढ़ आत्मविश्वास और श्रेष्ठ भारत निर्माण के लिए उठाए गए कदमो का परिणाम है। यह बात शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सेक्टर-14 स्थित समाजसेवी प्रमोद जैन के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुनने के बाद कही। उनके साथ आए मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला, विधानसभा संयोजक रामचन्द्र गुप्ता व टेकचंद जैन भी रहे। निकाय मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आज पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती भी है।


हिसार। कॉलोनीवासियों से मिलते निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### स्वच्छता अभियान चलाया

निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पड़ाव चौक क्षेत्र में स्थानीय वासियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती पर दो अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान को एक मिशन के रूप में शुरू किया था जिसका पिछले 10 वर्षों में बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश की जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक हुई है। लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही दूसरो को फैलाने देनी चाहिए। समाज के सभी वर्गों के लोग इस अभियान में आगे आएं।

